BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
COMPILED BY MEDIA CELL (28.10.2024)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.10.2024, PAGE-03

बीआरएबीयू में तैयार होगा कल्चरल कैलेंडर

सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगी गति, इसके अनुसार होंगी विविध प्रतियोगिताएं

- विश्वविद्यालय में नौ सदस्यीय सांस्कृतिक समिति का हुआ गठन
- तिथिवार विधा के आयोजन और स्थल की होगी जानकारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब स्पोर्ट्स की तरह कल्चरल कैलेंडर तैयार होगा। इससे सांस्कृतिक और कलात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी। कैलेंडर के अनुसार महाविद्यालयों में और अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। इसमें तिथिवार विधा के आयोजन और स्थल की जानकारी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से इस शैक्षणिक सत्र से ही इसकी शुरुआत की जाएगी। कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक समिति का गठन किया गया है। रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गई है। समिति के अध्यक्ष कुलपति प्रो. डीसी राय हैं। इसमें विश्वविद्यालय मैथिली विभागाध्यक्ष प्रो. इंदुधर झा को समन्वयक बनाया गया है। वहीं सदस्य के रूप में डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा, एमडीडीएम कालेज की संगीत विभागाध्यक्ष डा. स्वस्ति वर्मा,

पीजी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश गुप्ता, डा. आरएमएलएस कालेज के दर्शनशास्त्र विभाग के डा. रमेश कुमार विश्वकर्मा, पीजी राजनीति विज्ञान विभाग के डा. अमर बहादुर शुक्ला, पीजी दर्शनशास्त्र विभाग की डा. पायोली शामिल हैं। विश्वविद्यालय स्तर से सांस्कृतिक समिति की सूचना सभी कालेजों और पीजी विभागों में भेजी गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि सांस्कृतिक समिति की बैठक में विविध आयोजन और इसकी रूप-रेखा तैयार की जाएगी।

ईस्ट जोन यूनिफेस्ट के लिए बनेगी सांस्कृतिक टीम : सत्र 2024-25 के लिए ईस्ट जोन यूनिफेस्ट का आयोजन पश्चिम बंगाल के सिस्टर निवेदिता यूनिवर्सिटी में होना है। पांच दिनों तक चलने वाले इस यूनिफेस्ट में ईस्ट जोन के कई विश्वविद्यालयों की सांस्कृतिक टीम अपनी प्रस्तुति देगी। अगले वर्ष आठ से बारह जनवरी तक विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें अलग-अलग राज्यों के विश्वविद्यालय की टीम अपनी सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करेंगी। यूनिफेस्ट के लिए विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम का गठन होगा। खेल की गतिविधियों के तर्ज पर प्रतियोगिता आधारित ट्रायल से सांस्कृतिक टीम का गठन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि छुट्टियों की समाप्ति के बाद तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी।

27 विधाओं के लिए चुने जाएंगे कालेजों से प्रतिभागी

सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर विश्वविद्यालय की टीम चुनी जाएगी। कुल 27 विधाओं के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इसमें संगीत, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो, सामूहिक गान, नृत्य, विवज, इलाक्युशन, डिबेट, वन एक्ट प्ले, स्किट, माइम, मिमिक्री, आन द स्पाट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले माडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली, स्पाट फोटोग्राफी, इंस्टालेशन, मेंहदी समेत 27 विधाओं के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। विविध विधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय की टीम का गठन किया जाएगा। अगर किसी विधा में बेहतर प्रतिभागी नहीं मिलते हैं तो टीम का चयन नहीं होगा। पिछले सत्र में विश्वविद्यालय की टीम ने यूनिफेस्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की टीम ने चार पुरस्कार प्राप्त किए। टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर एकल ताल वाद्य, कार्टूनिंग और पोस्टर मेकिंग राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान और इंस्टालेशन में दूसरा स्थान हासिल किया था।

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE : 28.10.2024,
PAGE - 05

नालंदा ज्ञानकुंभ में शामिल होंगे वीसी व विवि के पदाधिकारी

मुजफ्फरपुर. 16 से 18 नवंबर के बीच नालंदा विश्वविद्यालय राजगीर में आयोजित होने वाले नालंदा ज्ञानकुंभ में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति समेत अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे. इसको लेकर कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय, कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा, डॉ बीएस राय, डॉ राजीव कुमार, एलएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश राय, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ ममता रानी, आरडीएस कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनीता सिंह, प्रोफेसर प्रमोद कुमार, प्रोफेसर पंकज कुमार, डॉ शरतेंदु शेखर समेत एक दर्जन प्राचार्यों को आमंत्रण भेजा गया है.